जनसंदेश टाइम्स
वाराणसी, गुरुवार, 20 जुलाई, 2023

अमेरिका में उच्च शिक्षा की मिलेगी जानकारी

आज सेमिनार का आयोजन

छात्रों, अभिभावकों को अमेरिका में दिये जा रहे विभिन्न शैक्षिणिक कोर्सों की दी जाएगी जानकारी

वाराणसी। इंडो अमेरिकन चैंबर ऑफ कामर्स (आईएसीसी) की ओर से 20 जुलाई गुरुवार को बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के अटल कन्वेंन्सन सेंटर में 'अमेरिका में उच्च शिक्षा के अवसर' विषय पर ज्ञानवर्धक एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम दो सत्रों में विभक्त है। जिसमें स्नातक के छात्रों, अभिभावकों एवं सलाहकारों को अमेरिका में दिये जा रहे विभिन्न शैक्षिणिक और व्यावसायिक कोर्सों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी जायेगी।

इसमें छात्रों को अमेरिकी में शिक्षा के लिए अपना आवेदन-पत्र प्रस्तुत करना और अमेरिकी शिक्षा संस्थानों द्वारा प्रदान की जाने वाली आर्थिक सहायता के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जायेगी। इस सेमिनार में भाग लेने के लिए वाराणसी, भदोही एवं मिजार्पुर के विद्यार्थियों ने अपनी सहमती दी है। ईटीएस इंडिया टीओईएफएल और जीआरई इस कार्यक्रम के आयोजक पार्टनर है। उक्त जानकारी इंडो अमेरिकन चैंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष राजेश कुमार तिवारी ने बुधवार को रथयात्रा स्थित एक प्रतिष्ठान में अयोजित पत्रकार वार्ता में कही। उन्होने चैंबर के उद्देश्यों तथा गतिविधियों के बारे में कहा कि चैंबर व्यापारिक तथा आर्थिक विषयों के साथ ही सामाजिक, सांस्कृतिक तथा शौक्षणिक विषयों पर भी सेमिनार और कार्यक्रम आयोजित करता है। इसके साथ ही इंडिया से अमेरिका के लीये व्यावसायिक डेलिगेसन का भी अयोजन करता है। पत्रकार वार्ता में कार्यक्रम संयोजक बीएन जॉन और पूर्व अध्यक्ष सीए सुदेशना बासु ने भी अपने विचार व्यक्त किये। बताया कि कार्यक्रम में नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास की गौरी कालरा, पब्लिक एंगेजमेंट स्पेशलिस्ट (शिक्षा) और यूएसआईईएफ विभाग में एजुकेशनयूएसए की सलाहकार रूपाली वर्मा उपस्थित होंगी। इसके साथ ही वर्चूवल माध्यम से अमेरिका से प्रो. एवं इंजीनियर डॉ. राकेश के पंगासा और ईटीएस इंडिया टीओईएफएल और जीआरई के उत्तर और पूर्वी भारत के क्षेत्रीय प्रबंधक जोसेफ ऑगस्टीन छात्रों और अभिभावकों को संबोधित करेंगे।

16 | दैनिक जागरण
वाराणसी, 20 जुलाई, 2023
inext

बीएचयू के छात्रों को देंगे जानकारी

VARANASI (19 July): इंडो अमेरिकन चैम्बर ऑफ कामर्स के तत्वावधान में गुरुवार को बीएचयू में अमेरिका में उच्च शिक्षा के अवसर विषयक एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया जा रहा है. जिसमें नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास की, पब्लिक एंगेजमेंट स्पेशलिस्ट (शिक्षा) गौरी कालरा और यूएसआईईएफ विभाग में एजुकेशन यूएसए की सलाहकार रूपाली वर्मा उपस्थित छात्रों एवं अभिभावको को सम्बोधित करेंगी. यह कार्यक्रम दो सत्रों में होगा. प्रथम सत्र में सुबह 11 बजे से 1 तक 11 व 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए एवं द्वितिय सत्र दो से शाम 5 बजे तक है.

Scanned with CamScanner